# <u>उत्तर मध्य रेलवे</u>

**महाप्रबंधक कार्यालय**
**राजभाषा विभाग**
**प्रयागराज**

**पत्र सं. :** उ.म.रे./रा.भा./70/हिंदी डिक्टेशन योजना दिनांक : 05.05.2025

**प्रधान मुख्य इंजीनियर, प्रधान वित्त सलाहकार, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक,**
**प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक,**
**प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर,**
**प्रधान मुख्य सिग. एवं दूरसंचार इंजीनियर, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक,**
**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी,**
**प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण),**
**मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उप महाप्रबंधक/सामान्य, मुख्य प्रबंधक/सूचना प्रौद्योगिकी,**
**उत्तर मध्य रेलवे, प्रधान कार्यालय, प्रयागराज**

**विषय : अधिकारियों को हिंदी में अधिकाधिक डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार योजना - आधार वर्ष 2024.**

----------

रेलवे बोर्ड के निदेशानुसार उत्तर मध्य रेलवे में अधिकारियों को हिंदी में अधिकाधिक डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की हिंदी डिक्टेशन योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विभाग के दो अधिकारियों - एक हिंदी भाषी (जिनका घोषित निवास "क" और "ख" क्षेत्र हो) और एक हिंदीतर भाषी (जिनका घोषित निवास "ग" क्षेत्र हो) रेल अधिकारी को पाँच-पाँच हजार रुपए का नकद पुरस्कार देने का प्रावधान है।

इस योजना में केवल वे अधिकारी ही भाग लेने के पात्र होंगे, जिन्होंने वर्ष 2024 (1 जनवरी, 2024 से 31 दिसंबर, 2024 तक) के दौरान कम से कम 20,000 (बीस हजार) शब्द का डिक्टेशन दिया है। हिंदीतर भाषी अधिकारियों के लिए यह मात्रा न्यूनतम 10,000 (दस हजार) शब्द प्रति वर्ष है। डिक्टेशनों से संबंधित रिकार्ड संलग्न प्रोफार्मा में रखा जाना आवश्यक है। इसके अलावा गृह मंत्रालय के आदेशानुसार संबंधित अधिकारी द्वारा एक फोल्डर रखा जाए, जिसमें डिक्टेशन देने वाले अधिकारी का नाम, डिक्टेशन की तिथि, डिक्टेशन लेने वाले कर्मचारी का नाम अंकित हो तथा दिए गए डिक्टेशनों की प्रतियां भी रखी जाएं।

अत: अनुरोध है कि उपर्युक्त योजना का अपने-अपने कार्यालयों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि हिंदी में डिक्टेशन देने वाले अधिकाधिक अधिकारी इस योजना का लाभ उठा सकें। कृपया योजना में भाग लेने वाले अधिकारियों के विवरण संलग्न प्रोफार्मा में **20.06.2025 तक** इस कार्यालय में अवश्य भिजवा दिए जाएं।

**संलग्न : प्रोफार्मा**

05/05/25
**( चन्द्र भूषण पाण्डेय )**
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी
कृते महाप्रबंधक (राजभाषा)

**प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित :**

1. सचिव/महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज।
2. निजी सचिव-I/अपर महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक महोदय के सादर सूचनार्थ।

## हिंदी में डिक्टेशन देने संबंधी पुरस्कार योजना के अंतर्गत रखे जाने वाले रिकार्ड का प्रोफार्मा

## आधार वर्ष 2024 (01 जनवरी, 2024 से 31 दिसंबर, 2024 तक)

| क्र. | तारीख | फाइल सं. | कुल डिक्टेशन | हिंदी में दिए गए डिक्टेशन | डिक्टेशन में लिखे गए शब्दों की संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

अधिकारी के हस्ताक्षर : ----------------------

अधिकारी का नाम : --------------------------

अधिकारी का पदनाम : -----------------------